आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- नागरिक उड्डयन विभाग ने प्रमुख पर्यटन स्थलों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने हेतु वाणिज्यिक हेलीकॉप्टर सेवाओं के लिए रुचि पत्र आमंत्रित किए है।
- परीक्षा पे चर्चा को 'एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण' – गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज।
- सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह से उच्च गुणवत्ता वाले गायों की आपूर्ति का अनुरोध किया है।
- समग्र शिक्षा के तहत डिगलीपुर में पहचान और मूल्यांकन शिविर का आयोजन कर एक सौ दो नए मामलों की पहचान की गई।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन विभाग ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के प्रमुख पर्यटन स्थलों तक कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए पंजीकृत भारतीय विमानन संचालकों से द्वीपसमूह में वाणिज्यिक हेलीकॉप्टर सेवाओं की शुरुआत के लिए रुचि पत्र आमंत्रित किए हैं। इस पहल का उद्देश्य अंडमान द्वीपसमूह के लोकप्रिय स्थलों पर आने वाले पर्यटकों के लिए विश्वसनीय हवाई परिवहन सुविधाएँ प्रदान करना है। स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप, बारातांग, रंगत, मायाबंदर, डिगलीपुर, लॉन्ग आइलैंड, स्मिथ आइलैंड, लिटिल अंडमान, चिड़ियाटापू और वंडूर जैसे प्रमुख स्थलों पर हेलीपैड का बुनियादी ढांचा वाणिज्यिक सेवाओं के संचालन के लिए चयनित संचालकों को उपलब्ध कराया जाएगा। ये सेवाएँ स्थानीय निवासियों के लिए भी उपलब्ध होंगी। इसके तहत पर्यटकों को भारत के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी 'बैरेन आइलैंड' के हवाई दृश्य के साथ–साथ प्राचीन समुद्र तटों, जंगलों और द्वीप की समृद्ध जैव विविधता को देखने का अवसर भी मिलेगा। इन सेवाओं को बिना किसी लागत–बिना किसी प्रतिबद्धता के आधार पर शुरू करने का प्रस्ताव है। इस ईओआई के माध्यम से आगामी पर्यटन सीजन से पहले चिन्हित मार्गों पर इस सेवा को शुरू करने के लिए ऑपरेटरों को अंतिम रूप देने हेतु एक प्रस्ताव अनुरोध जारी किया जाएगा। इच्छुक ऑपरेटरों के लिए ईओआई दस्तावेज़ प्रशासन की वेबसाइट के 'घोषणा' अनुभाग के अंतर्गत उपलब्ध है। ईओआई 19 सितंबर दोपहर 3:00 बजे तक जमा किए जा

सकते हैं। आवेदन–पूर्व बैठक 20 अगस्त, दोपहर 3:00 बजे सचिवालय के लघु सम्मेलन हॉल में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल, परीक्षा पे चर्चा को 'एक महीने में नागरिक सहभागिता मंच पर सबसे अधिक लोगों के पंजीकरण' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। यह मान्यता माई गॉव प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम के आठवें संस्करण के दौरान तीन करोड़ 53 लाख पंजीकरणों के साथ हासिल की गई उपलब्धि का प्रमाण है। परीक्षा पे चर्चा श्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप अनूठा मंच है। इसमें प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद करते हैं। नई दिल्ली में आज एक समारोह में आधिकारिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र औपचारिक रूप से प्रदान किया गया।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से हाल ही में दिलानीपुर में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य एवं बांझपन शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य मवेशियों में बांझपन की समस्याओं का समाधान करना और पशुधन उत्पादकता बढ़ाने और सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में कुल 31 मवेशियों की जांच और उपचार किया गया। शिविर में प्रजनन संबंधी चुनौतियों का समाधान करने और पशुधन के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पशु चिकित्सा के महत्व पर ज़ोर दिया गया। इस शिविर का नेतृत्व वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकृष्णन ने किया। विभाग द्वारा अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है।

<><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह को पत्र लिखकर मवेशी जहाजों के माध्यम से द्वीपों को 500 उच्च गुणवत्ता वाली साहीवाल और गिर गायों की आपूर्ति के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। सांसद ने द्वीपसमूह में पशुपालन क्षेत्र की बिगड़ती स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीन दशकों से अधिक समय से मुख्य भूमि से पशुधन की कोई नई आपूर्ति नहीं हुई है। नए पशुधन की आपूर्ति के अभाव में, कृत्रिम गर्भाधान और प्रयोगशाला–आधारित प्रजनन विधियों पर असर पड़ा है। परिणामस्वरूप, स्थानीय मवेशियों की आबादी तेज़ी से बूढ़ी हो रही है, जिससे उत्पादकता में कमी आ रही है और किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने प्रशासन के पशुपालन विभाग में वैज्ञानिक प्रबंधन की कमी पर भी चिंता व्यक्त की। अपने पत्र में सांसद ने पशुपालन मंत्रालय,

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के साथ समन्वय करके, पशु–जहाजों के माध्यम से गायों की आपूर्ति की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के तत्वावधान में कल डिगलीपुर के ब्लॉक परियोजना कार्यालय की ओर से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक पहचान और मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समावेशी शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए सहायक साधनों की पहचान और मूल्यांकन करना था। इस अवसर पर ब्लॉक विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार और ब्लॉक परियोजना अधिकारी सुलोचना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शिविर में कुल 161 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 102 नए मामले थे, जिन्हें उनके संबंधित स्कूलों द्वारा रेफर किया गया था। इस व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया में प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट आवश्यकताओं की पहचान करने के लिए शैक्षिक मूल्यांकन और चिकित्सा जाँच दोनों शामिल थे। पात्र बच्चों को उनकी कार्यात्मक क्षमताओं में सुधार लाने और शिक्षा और दैनिक गतिविधियों तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त सहायक उपकरण सुझाए गए। ब्लॉक संसाधन व्यक्ति एस. विजया ने हितधारकों को उपलब्ध शैक्षिक सहायता उपकरणों की जानकारी दी।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग कल से आठ अगस्त तक स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' और 'डी' की परीक्षा का आयोजन करेगा। इसके अलावा बारह अगस्त को संयुक्त हिंदी अनुवादक परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज, मायाबंदर में विभिन्न यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की अंतिम वरीयता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध है। चयनित उम्मीदवार ग्यारह से चौदह अगस्त तक कार्यदिवसों में कॉलेज काउंटर पर निर्धारित बैंक खाते में आवश्यक शुल्क जमा कर सकते हैं। परामर्श 11 और 12 अगस्त को रखा गया है। उम्मीदवारों से परामर्श में उपस्थित होने को कहा गया है। यदि कोई अभ्यर्थी व्यक्तिगत रूप से परामर्श सत्र में उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसके अभिभावकों को आवश्यक

प्रमाणपत्रों के साथ अभ्यर्थी की ओर से परामर्श में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। प्रथम वर्ष की नियमित कक्षाएं 18 अगस्त से शुरू होंगी।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज बैफल रेंज में आज भारतीय तटरक्षक इकाई की ओर से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा। इस दौरान सभी संबंधितों को अपने वाहन और मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान में मसाला उत्पाद को पुनर्जीवित करने और स्थानीय खेती को बढ़ावा देने के लिए परियोजना शुरू करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपने अखबार में प्रमुखता देते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने झारखंड के पूर्व मुख्य मंत्री शिबु सोरेंग के निधन के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। सांसद के गृह मंत्री से दक्षिण अंडमान में माउंट मणिपुर स्मारक के निमार्ण के आग्रह करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया और इंफो इंडिया ने प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><><>